हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 28 मई 2026
[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

तापमान

अधिकतम 42 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री

13 हाथियों का दल पहुंचा मतरिंगा जंगल 2



## खबर संक्षेप



### हर रविवार लग रही एरोबिक जुम्बा फिटनेस क्लास

**मनेन्द्रगढ़।** सुरभि पार्क में पिछले 5 महीने से एरोबिक जुम्बा फिटनेस क्लास चलाई जा रही है। यह स्थानीय नागरिकों को सेहतमंद और ऊर्जावान बनाए रखने के लिए एक बेहतरीन और सराहनीय पहल है। हर रविवार की सुबह इसे संगीत और डांस के साथ किया जा रहा है, इसे फिटनेस के लिए शुरू करना न सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य के अच्छा है, बल्कि मानसिक तनाव को दूर करने का भी यह एक बढ़िया जरिया है। चैनपुर बटालियन के एआईजी संजय शर्मा द्वारा यह सेवा निःशुल्क दी जा रही है, जो छोटे शहर में भी बड़े महानगरों जैसा फिटनेस कल्चर और माहौल तैयार कर रही है। हर रविवार सुबह एक घंटे यह क्लास लगाई जा रही है, जिसमे बड़ों के साथ बच्चे भी शामिल हो रहे हैं। यहां अलग-अलग प्रांत के गानों के साथ डांस को योग के रूप में किया जाता है। एआईजी संजय शर्मा ने बताया कि जुम्बा एक मजेदार और उच्च ऊर्जा वाला डांस फिटनेश वर्कआउट है जो शरीर में लचीलापन लाने के साथ ताकत बढ़ाता है और वजन घटाने में मदद करता है ।

### बकरीद अवकाश के चलते शिविर अब कल

**मनेन्द्रगढ़।** छग शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना 26 मई के अनुसार 28 मई को ईद-उल-जुहा बकरीद पर्व के अवसर पर सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। उक्त अधिसूचना के परिपालन में पूर्व में जारी कार्यालयीन आदेश 1 मई में आंशिक संशोधन करते हुए जनपद पंचायत भरतपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़गांवखुर्द में 28 मई को आयोजित होने वाला जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर सुशासन तिहार अब 29 मई को आयोजित किया जाएगा। प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार शिविर के आयोजन स्थल एवं अन्य व्यवस्थाएं पूर्ववत रहेंगी। साथ ही सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित होने वाले अन्य सभी शिविरों की निर्धारित समय-सारणी यथावत प्रभावशील रहेगी।

### दिव्यांगजन के लिए 5 जून को रोजगार मेला

**बैकुण्ठपुर।** विशेष रोजगार कार्यालय रायपुर द्वारा अस्थिबाधित दिव्यांगजनों के लिए 5 जून को विशेष रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह रोजगार मेला प्रातः 11 से दोपहर 3 बजे तक शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक कॉलेज, रायपुर में आयोजित होगा। समाज कल्याण विभाग कोरिया के उप संचालक ने विशेष रोजगार कार्यालय रायपुर द्वारा जारी विज्ञप्ति को साझा करते हुए जानकारी दी है कि रोजगार मेले का आयोजन यंग इंडिया के तत्वावधान में किया जा रहा है।

### शिविर में हितग्राही को मिली राहत

**बैकुण्ठपुर।** राज्य शासन द्वारा संचालित सुशासन तिहार के अंतर्गत आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से विभिन्न ग्रामों में जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में कोरिया जिले के ग्राम फूलपुर में आयोजित शिविर में डोंगरीपारा निवासी उमेन्द्र सिंह को मत्स्य पालन विभाग द्वारा निःशुल्क मछली जाल प्रदान किया गया, जिससे उन्हें आजीविका के कार्य में सहूलियत मिलेगी। उमेन्द्र सिंह ने बताया कि वे लंबे समय से मछली पालन एवं मत्स्य व्यवसाय से जुड़े हुए हैं, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। सुशासन तिहार के दौरान आयोजित शिविर में उन्होंने अपनी समस्या अधिकारियों के समक्ष रखी, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मत्स्य पालन विभाग द्वारा उन्हें निःशुल्क मछली जाल उपलब्ध कराया गया।

---

भीषण गर्मी में विरोध प्रदर्शन, नपा के कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

# शहर में गंदे पानी की सप्लाई के विरोध में पानी टंकी के सामने धरने पर बैठे पार्षद

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

नगर पालिका क्षेत्र में गंदा और बदबूदार पानी सप्लाई किए जाने के विरोध में 27 मई को वार्ड क्रमांक 7 की पार्षद कृतिका रवि जैन के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया। आक्रोशित पार्षद और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पानी टंकी के गेट के सामने धरना शुरू कर दिया और नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शन में पूर्व नपाध्यक्ष राजकुमार केशरवानी, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष हाफिज मेमन, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष राजेश शर्मा, नयन दत्ता, रवि जैन, अजय जायसवाल, अनिल प्रजापति, मुकेश अग्रवाल, स्वप्निल सिन्हा, गिरधर जायसवाल, किरण कुजूर, विकास श्रीवास्तव, अभय बड़ा, गीतिका चंदेल, विक्की दत्ता,कई वार्डों के कांग्रेस पार्षद, संगठन के पदाधिकारी सहित काफी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। धरने के दौरान पार्षद कृतिका रवि जैन ने कहा कि जनता ने जिस भरोसे के साथ उन्हें चुना है, उस विश्वास को निभाना उनकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने साफ कहा कि वार्ड की हर समस्या और जनता की हर आवाज के लिए वे मजबूती से खड़ी रहेंगी। यदि नगर पालिका जनता को मूलभूत सुविधाएं तक नहीं दे पा रही है, तो विरोध करना जनप्रतिनिधियों का कर्तव्य है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले कई दिनों से लोगों के घरों में गंदा और बदबूदार पानी पहुंच रहा है, जिससे नागरिकों में बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है। बावजूद इसके नगर पालिका प्रशासन समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहा था। यही कारण है कि जनता की आवाज बुलंद करने के लिए उन्हें धरने पर बैठना पड़ा।



तेज गर्मी के बीच पानी टंकी के सामने धरने पर बैठे पार्षद व अन्य।

### पाइप लाइन के सुधार का कार्य जारीः दयाशंकर

जल प्रभारी पार्षद दयाशंकर यादव से जब चर्चा की गई तो उनका कहना था कि अगर टंकी से गंदे पानी की सप्लाई होती तो पूरे शहर में गंदा पानी जाता, लेकिन अगर किसी एक वार्ड में इस तरह की शिकायत है तो वहां पर पाइप लाइन खराबी हो सकती है, जिसके सुधार का काम चल रहा है। कांग्रेस द्वारा जो आरोप लगाया गया है वह निराधार है, हमें आज तक पार्षद के द्वारा कभी कोई शिकायत नहीं की गई, बल्कि पार्षद पति ने 10-12 दिन पहले हमें बताया, इसके बाद लगातार वार्ड में पाइप लाइन बदलने का काम चल रहा है कुछ जगहों पर प्रेशर कम होने की शिकायत मिली है जिसे भी शिफ्टिंग किया जा रहा है।

धरना स्थल पर कांग्रेस नेताओं और पार्षदों ने भी नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के बीच लोगों को स्वच्छ पेयजल तक उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जो प्रशासन की बड़ी लापरवाही को दर्शाता है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द व्यवस्था नहीं सुधरी तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा। प्रदर्शन की सूचना मिलने के बाद नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से चर्चा की। उन्होंने आश्वासन दिया कि सात दिनों के भीतर जल आपूर्ति व्यवस्था में सुधार किया जाएगा तथा लोगों को स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। प्रशासन की ओर से मिले आश्वासन के बाद कांग्रेस नेताओं और पार्षदों ने धरना समाप्त कर दिया। इस दौरान पार्षद कृतिका रवि जैन ने सभी कांग्रेस पार्षदों, वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं और मीडिया का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के समर्थन ने जनता की आवाज को और अधिक मजबूती दी है। उन्होंने कहा कि राजनीति उनके लिए केवल पद नहीं, बल्कि जनसेवा का संकल्प है और वे हर सुख-दुख तथा हर संघर्ष में वार्डवासियों के साथ खड़ी रहेंगी।

---



गोल घेरे में आरोपी।

## तपती दुपहरी में बाइक की डिक्की से 30 हजार पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ सीसीटीवी में कैद हुए दो आरोपी, कोरिया कुमार चौक के पास हुई घटना

जिला मुख्यालय में दिनदहाड़े चोरी की वारदात ने लोगों में दहशत पैदा कर दी। शहर के व्यस्त कोरिया कुमार चौक क्षेत्र में 2 अज्ञात बदमाशों ने बाइक की डिक्की तोड़कर 30 हजार रुपए चोरी कर लिए। पूरी घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिसके आधार पर कोरिया पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार पंचायत सचिव कबीर दास जिला सहकारी बैंक से 30 हजार रूपए निकालकर स्टाम्प खरीदने के लिए कुमार चौक पहुंचे थे। उन्होंने एक टाइपिंग दुकान के पास अपनी बाइक खड़ी की थी। इसी दौरान बदमाशों ने मौका पाकर बाइक की डिक्की तोड़ी और उसमें रखी नकदी लेकर फरार हो गए। कुछ देर बाद जब पंचायत सचिव वापस लौटे तो डिक्की टूटी देख उनके होश उड़ गए। आसपास तलाश करने के बाद भी जब कोई सुराग नहीं मिला तो उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने शहर में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर चिंता जताते हुए पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। फुटेज में दो संदिग्ध युवक नजर आए हैं, जिनकी पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं लोगों से भी अपील की गई है कि बैंक से रकम निकालने के बाद सतर्क रहें और वाहन में नकदी छोड़कर नहीं जाएं।

---

## नशे के खिलाफ जनजागरण के साथ, कड़ी कार्रवाई भी करें



अफसरों की बैठक लेती कलेक्टर।

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव की अध्यक्षता में आयोजित नार्को कॉर्डिनेशन सेंटर समिति (नकॉर्ड) की बैठक में जिले में नशा उन्मूलन अभियान को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया।

बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध बिक्री और नशे के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए विभिन्न विभागों की कार्ययोजना की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता जिले को नशामुक्त बनाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि केवल औपचारिक कार्रवाई नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर लगातार अभियान चलाया जाए। स्कूलों और कॉलेजों में नियमित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराने के निर्देश भी दिए गए। अवैध रूप से नशे के कारोबार करने वालो की निगरानी करें और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी करें। वन विभाग को अफीम और भांग जैसी मादक फसलों की संभावित अवैध खेती पर सतर्क निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। वन मंडलाधिकारी श्रीमती प्रभाकर खलको ने बताया कि बीटगार्डों को जंगलों में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और तत्काल सूचना देने के निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि अवैध खेती को समय रहते रोका जा सके। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुरेशा चौबे को विशेष अभियान चलाकर नशे की बिक्री और तस्करी में लिप्त लोगों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखने को भी कहा गया। पुलिस विभाग ने जानकारी दी कि गांजा, अवैध शराब और अन्य प्रतिबंधित नशीले पदार्थों की बिक्री की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जा रही है। जिला खाद्य एवं औषधि प्रशासन अधिकारी, मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी को मेडिकल स्टोर्स में बिना डॉक्टर की पर्ची नशीली दवाओं की बिक्री रोकने के निर्देश दिए गए। वहीं स्वास्थ्य विभाग को नशा पीड़ितों के उपचार और परामर्श सेवाओं को मजबूत करने के लिए कहा गया।

---

### बरबसपुर और सिरौली में प्लास्टिक अपशिष्ट बिक्री व जियो टैगिंग कार्य तेज



**बरबसपुर।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत मनेन्द्रगढ़ विकासखंड की ग्राम पंचायतों में स्वच्छता और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर लगातार प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में ग्राम पंचायत बरबसपुर एवं सिरौली में स्वच्छता ग्राहियों द्वारा प्लास्टिक अपशिष्ट संग्रहण और जियो टैगिंग का कार्य किया गया। ग्राम पंचायत बरबसपुर के स्वच्छता ग्राहियों द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन इकाई चनवारीडांड के स्वच्छता ग्राहियों को 15 किलोग्राम सफेद पन्नी, 46 किलोग्राम रंगीन पन्नी एवं 8 किलोग्राम प्लास्टिक बोतलें विक्रय की गइं। इस दौरान ग्राम पंचायत सचिव भी उपस्थित रहे। बरबसपुर ग्राम पंचायत में सूची ऐप के माध्यम से आंगनबाड़ी, स्कूल, सामुदायिक शौचालय सहित अन्य सार्वजनिक परिसंपत्तियों का जियो टैगिंग कार्य भी किया गया, जिससे स्वच्छता एवं आधारभूत सुविधाओं की ऑनलाइन मॉनिटरिंग को मजबूती मिलेगी। वहीं ग्राम पंचायत सिरौली के ग्राम नागोई में स्वच्छता ग्राहियों द्वारा सफेद पन्नी, रंगीन पन्नी और प्लास्टिक बोतलों का संग्रहण कर उन्हें ठोस अपशिष्ट प्रबंधन इकाई चनवारीडांड के स्वच्छता ग्राहियों को बेचा गया।

---

## साधु संतों की सुरक्षा की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन

**मनेन्द्रगढ़।** विहाररत जैन साधु-संतों की सुरक्षा को लेकर समस्त जैन समाज ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एसडीएम मनेन्द्रगढ़ लिंगराज सिदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में विहाररत पूज्य आर्थिका माताजी दुर्घटना प्रकरण की निष्पक्ष उच्चस्तरीय जांच कराने, संतो की सुरक्षा के लिए विशेष प्रोटोकॉल लागू करने तथा राष्टीय संत सुरक्षा नीति बनाए जाने की मांग की गई।




ज्ञापन में समाज ने कहा कि हाल ही में विहाररत पूज्य आर्थिका माताजी के साथ हुई दुखद घटना में संघ की पूज्य आर्थिकाओं का असामयिक निधन हो गया, जिससे पूरे जैन समाज में गहरी पीड़ा और चिंता का माहौल है। समाज ने इसे केवल सामान्य सड़क दुर्घटना मानने से इनकार करते हुए उपलब्ध तथ्यों, वीडियो क्लिप एवं परिस्थितियों के आधार पर निष्पक्ष जांच की आवश्यकता बताई। समाज ने मांग की कि प्रकरण की एसआईटी अथवा न्यायिक जांच कराई जाए तथा घटना से जुड़े सभी सीसीटीवी फुटेज, वीडियो और डिजिटल साक्ष्यों को सुरक्षित रखा जाए। साथ ही दोषियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई एवं यदि सुनियोजित कृत्य अथवा षड़यंत्र के तथ्य सामने आएं तो कड़ी धाराएं लगाए जाने की मांग की गई। ज्ञापन में संत सुरक्षा प्रोटोकॉल तत्काल लागू करने की भी मांग उठाई गई। ज्ञापन के दौरान प्रमुख रूप से ऋतेश जैन, प्रफुल्ल जैन, महेन्द्र जैन, शैलेष जैन, संतोष जैन नाहर, अनुराग जैन, पीयूष जैन, अंकुर जैन, प्रेम चंद जैन, राजीव जैन, अंकुर जैन, रवि जैन, श्रीमती रेखा जैन, श्रीमती रविकांता जैन, श्रीमती अंजलि जैन, श्रीमती सविता जैन, श्रीमती सुषमा जैन, अर्चना जैन, गूंजन जैन, ममता जैन, मनीष, निर्मल जैन, गर्वित जैन, हर्ष जैन, श्रीमती कविता जैन, सुधा जैन, रूपम जैन, साक्षी जैन, सुनील जैन, पूजा जैन, रजनी जैन, श्रीमती अर्चना जैन, संजय जैन, गौरव जैन, कमलेश जैन, विमल जैन लक्ष्मी, सुधा जैन, दीपक जैन सहित काफी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

---

## डोमनहिल में 4 दिन से मोबाइल नेटवर्क प्रभावित

**डोमनहिल।** चिरमिरी क्षेत्र के डोमनहिल सहित आसपास के कई इलाकों में लगभग 10 वर्ष पूर्व नेटवर्क विस्तार के उद्देश्य से जियो कंपनी द्वारा ऊंचे मोबाइल टॉवर लगाए गए थे। टॉवर स्थापना के दौरान स्थानीय लोगों को वाई-फाई सुविधा और टॉवर में लगे हैलोजन लाइट के माध्यम से प्रकाश व्यवस्था का लाभ भी दिया गया था, लेकिन समय के साथ ये सुविधाएं बंद कर दी गई। इसी बीच करीब चार दिन पूर्व डोमनहिल स्थित जियो टॉवर में अचानक शॉर्ट सर्किट होने से भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।



स्थिति की गंभीरता को देखते हुए फायर ब्रिगेड को बुलाना पड़ा। संयोगवश उस समय मुख्यमंत्री का चिरमिरी प्रवास चल रहा था, इसके कारण फायर ब्रिगेड की गाड़ी चिरमिरी में ही मौजूद थी और समय रहते मौके पर पहुंच गई। घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय पर फायर ब्रिगेड नहीं पहुंचती तो बड़ा हादसा हो सकता था। लोगों ने इस घटना के लिए जियो कंपनी की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है। घटना के चार दिन बीत जाने के बाद भी 27 मई तक जले हुए टॉवर की मरम्मत या सेवा बहाली की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं होने से क्षेत्रीय उपभोक्ताओं में भारी नाराजगी है। मोबाइल नेटवर्क बाधित होने से हजारों उपभोक्ताओं को इंटरनेट और कॉलिंग सेवाओं में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

---

## सराफा बाजारों में पुलिस का विशेष सुरक्षा अभियान

■ व्यापारियों को दिए सतर्कता के निर्देश

**बैकुण्ठपुर।** भविष्य में किसी भी अप्रिय या आपराधिक घटना की रोकथाम और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनान के उद्देश्य से कोरिया जिले में बुधवार को विशेष प्रिकॉशनरी अवेयरनेस अभियान चलाया गया।

अभियान के तहत पुलिस टीमों ने जिले के प्रमुख सराफा बाजारों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में बैकुंठपुर, चरचा, पटना और सोनहत थाना क्षेत्रों की पुलिस टीमों ने अपने-अपने इलाके में पहुंचकर ज्वेलर्स एवं मेटल व्यवसायियों से सीधे संवाद किया। इस दौरान दुकानों की सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए पुलिस अधिकारियों ने आवश्यक सावधानियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। अभियान के दौरान दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, रिकॉर्डिंग क्षमता और कैमरों के एंगल की जांच की गई। पुलिस ने व्यापारियों को निर्देशित किया कि कैमरे तकनीकी रूप से अपडेट और हमेशा चालू स्थिति में रहें, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की स्पष्ट रिकॉर्डिंग उपलब्ध हो सके। पुलिस अधिकारियों ने व्यापारियों से कहा कि बाजार में आने-जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों या गतिविधियों पर नजर रखें और किसी भी प्रकार की आशंका होने पर तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचना दें। साथ ही अलार्म सिस्टम, सुरक्षा उपकरण और इमरजेंसी रिस्पॉन्स व्यवस्थाओं को सक्रिय हालत में बनाए रखने की समझाइश भी दी गई। पुलिस का कहना है कि अपराधों की रोकथाम केवल पुलिस बल के भरोसे संभव नहीं है, बल्कि इसमें व्यापारियों और आम नागरिकों की सतर्क भागीदारी भी बेहद जरूरी है। अधिकारियों ने स्पष्ट संदेश दिया कि व्यापारियों की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और पुलिस-जन सहयोग से ही आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। जिले में हाल के दिनों में बढ़ती चोरी और लूट की घटनाओं को देखते हुए पुलिस का यह अभियान व्यापारियों के बीच भरोसा बढ़ाने और सुरक्षा को लेकर जागरूकता फैलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

---

जिला स्तरीय प्रशिक्षण महाभियान का शुभारंभ

# कार्यकर्ताओं को आधुनिक राजनीतिक कार्यप्रणाली से जोड़ें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला स्तरीय प्रशिक्षण महाभियान का शुभारंभ बुधवार को एक निजी होटल में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय, भारत माता और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया।

कार्यक्रम में संभागीय प्रभारी अवधेश चंदेल, वर्ग प्रभारी नरेश नंदे, भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, विधायक भईयालाल राजवाड़े, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य केबी जायसवाल सहित कई



भाजपा का जिला स्तरीय प्रशिक्षण महाभियान।

पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से मजबूत करना तथा उन्हें पार्टी की नीतियों और आधुनिक राजनीतिक कार्यप्रणाली से प्रशिक्षित करना रहा। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं को मजबूत करते हुए संगठन से जोड़ने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से पार्टी की रीति-नीति, संगठन के दायित्व और कार्यप्रणाली को समझने का अवसर मिलता है तथा आपसी समन्वय भी बढ़ता है। द्वितीय सत्र में प्रदेश प्रवक्ता संतोष दास ने मीडिया प्रबंधन पर प्रकाश डालते हुए सोशल मीडिया, वेब पोर्टल, न्यूज चैनल और प्रिंट मीडिया की वर्तमान समय में बढ़ती भूमिका और उसके प्रभावों पर मार्गदर्शन दिया। तृतीय सत्र में विधायक भईयालाल राजवाड़े ने कहा कि पार्टी का कार्यविस्तार केवल सत्ता या पद प्राप्ति के लिए नहीं, बल्कि राष्टसेवा और सामाजिक परिवर्तन के उद्देश्य से होना चाहिए। उन्होंने बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने और जनजातीय गांवों, मोहल्लों तथा झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों तक पहुंच बढ़ाने पर जोर दिया। चतुर्थ सत्र में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अम्बिकेश केशरी ने कहा कि संगठन में अनुभवी और नए कार्यकर्ता मिलकर समन्वय के साथ कार्य करते हैं। उन्होंने संवाद, संवेदना और निरंतर ⏭ शेष पेज 4 पर

---

## ट्रैक्टर–बाइक की सीधी टक्कर में युवक की मौत

■ खराब सड़क और गड्ढों ने ली एक और जान, ग्रामीणों में आक्रोश

**कटगोड़ी।** जनपद पंचायत सोनहत अंतर्गत ग्राम पंचायत दामूज के दूधनिया गांव स्थित हरिजनपारा के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब सामने से आ रहे ट्रैक्टर से उसकी सीधी टक्कर हो गई।

दुर्घटना के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कटगोड़ी निवासी पुष्कर राजवाड़े उम्र 35 वर्ष पिता आनंदी लाल राजवाड़े बीते दिवस करीब 7:30 बजे अपने घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान दूधनिया गांव में पुल पार करने के बाद विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर से उनकी बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही बेहोश हो गया। घटना के बाद आसपास मौजूद ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे और एम्बुलेंस की मदद से घायल युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। परिजन की मौजूदगी में उपचार शुरू किया गया, लेकिन अंदरूनी चोटें अधिक होने के कारण रात करीब 9 बजे डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि दुर्घटना का मुख्य कारण सड़क की खराब स्थिति है। जिस स्थान पर हादसा हुआ वहां सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हैं और सड़क भी काफी संकरी है, जिससे वाहनों को साइड देने में परेशानी होती है। लोगों ने बताया कि कई बार सड़क ⏭ शेष पेज 4 पर

27-may- Jash-Coriya-Bhoomi pg-2_Layout 1 27-05-2026 19:41 Page 1



## खबर संक्षेप

### ईंट भट्टा में पलटा ट्रैक्टर, मजदूरी कर रहे तीन किशोर आए चपेट में

**अम्बिकापुर।** विकासखण्ड कुसमी अंतर्गत ग्राम कमलापुर स्थित ईंट भट्ठे में ट्रैक्टर पलटने से तीन किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से घायल बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक ने उन्हें तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया। ग्राम कमलपुर में संचालित ईंट भट्टे में मंगलवार को गंभीर हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि गांव के कुछ किशोर लम्बे समय से ईंट भट्ठे में ईट ढोने एवं वाहनों में ईंट लोड करने का काम कर रहे हें। रोज की तरह मंगलवार को तीन किशोर ट्रैक्टर की ट्राली में ईट लोडकर रहे थे। इस दौरान अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया तथा तीनों किशोर ट्रैक्टर की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रैक्टर ऊंची-नीची जमीन पर खड़ा था तथा अचानक पलट गया जिससे अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। मजदूरों का शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए तथा गंभीर रूप से घायल किशोरों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया साथ ही उनके परिजन को सूचना दी। घटना से ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों ने बताया कि ईंट भट्टा संचालक द्वारा 10-12 साल के किशोरों से भीषण गर्मी में अमानवीय तरीके से काम कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने मामले की जांच करने एवं दोषी संचालक के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

### शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों पर 61 हजार का जुर्माना

**अम्बिकापुर।** सरगुजा में मोटर व्हीकल एक्ट के तहत तीन सवारी वाहन चालन, शराब पीकर वाहन चालन, खतरनाक तरीके से वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई जारी है। इस बीच पुलिस ने 6 अलग अलग प्रकरण में कार्रवाई की जिसमें न्यायालय द्वारा 61 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। जानकारी के अनुसार थाना बतौली, उदयपुर एवं यातायात पुलिस के द्वारा वाहन चेंकिंग के दौरान शराब पीकर चारपहिया, दुपहिया वाहन चलाने वाले चालकों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए एमव्ही एक्ट धारा 185, 184, 30(क), 177 के तहत कार्रवाई की गई है। थाना बतौली पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उलंघन किये जाने पर मोटर साइकिल वाहन क्रमांक सीजी 15 ईडी 6175 के चालक सीतापुर सोन तराई निवासी वर्षीय भूपेन्द्र पैंकरा आ. सुरेन्द्र पैंकरा, थाना उदयपुर पुलिस द्वारा चारपहिया वाहन क्रमांक सीजी 12 बीजे 7332 के चालक कोरबा मोरगा निवासी संजीव सरकार आ. जीवन कृष्ण सरकार, मोटर साइकिल वाहन क्रमांक सीजी 15 ईबी 3368 के चालक उदयपुर सोनतराई निवासी सिंग साय पिता जगदीश राम एवं यातायात पुलिस द्वारा मोटर साइकिल वाहन क्रमांक सीजी 15 ईएफ 6368 के चालक गांधीनगर निवासी संतोष सिंह पिता जदुवर उम्र 34 वर्ष, मोटर साइकिल वाहन क्रमांक सीजी 15 डीवाय 1816 के चालक भगवानपुर निवासी गोलक महालदार पिता हरिदास महालदार उम्र 32 वर्ष, मोटर साइकिल वाहन क्रमांक सीजी 28 एल 4915 के चालक बतौली बेलकोटा निवासी कलिन्दर कुजूर पिता धिवराम कुजूर उम्र 27 वर्ष के विरुद्ध कार्रवाई की गई। थाना बतौली, उदयपुर एवं यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों का डाक्टरी मुलाहिजा कराकर वाहनों को जब्त करने के साथ ही प्रकरण न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय द्वारा 25 मई को थाना सभी प्रकरणों में कुल मिलाकर 61 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है

### सौर सुजला योजना के तहत खेत में लगाए सोलर पंप को चोरों ने किया पार

**अम्बिकापुर।** सौर सुजला योजना के तहत खेत में लगाए सोलर पंप को चोरों ने पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार प्रेम नगर थाना अंतर्गत ग्राम नवापाराकला केरा झरिया निवासी नीरज कुमार साहू आ. राम विलास साहू (21 वर्ष) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि तीन साल पहले खेत में सौर सुजला योजना के तहत 3 एचपी का सोलर पंप लगवाए थे जिसका उपयोग फसल सिंचाई के लिए करते थे। 28 मार्च की दरम्यानी रात को चोरों ने खेत में लगाए गए सोलर पंप, स्टार्टर को चोरी कर ले गए जिसका पता आज तक नहीं चल सका। रिपोर्ट पर पुलिस ने शिकायत की जांच उपरांत अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### चोरों ने घर का दरवाजा तोड़ पार किया 50 हजार कीमत का सामान

**अम्बिकापुर।** गंगापुर निवासी सुभाष कुजूर आ. बी कुजूर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ग्राम बढ़नी झरिया स्थित मकान से चोरों ने 19, 20 मई की दरम्यानी रात को घर का दरवाजा को तोड़कर दो नग एलईडी टीवी, एक भरा गैस सिलेंडर, गैस चूल्हा सहित 50 हजार से अधिक का सामान चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी दूसरे दिन लगी जब बढ़नी झरिया स्थित घर गए तो देखा दरवाजा टूटा व कमरे में सामान बिखरे हुए थे। मकान मालिक की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(4) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### शराब नहीं पिलाने पर युवक से मारपीट, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** गांधीनगर हनुमान मंदिर समीप निवासी सिद्धार्थ त्रिपाठी आ. धनंजय त्रिपाठी (35 वर्ष) 24 मई की रात लगभग 9.30 बजे किसी काम के सिलसिले में शराब दुकान के आगे सुभाषनगर गया था। जैसे ही युवक होटल के समीप पहुंचा तभी विशाल उर्फ छोटू एवं उसका दोस्त मिले। दोनों ने शराब पिलाने की बात कही और नहीं पिलाने पर गाली गलौज करते हुए युवक की जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित युवक ने घटना की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 119(1), 296, 3(5), 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## दूरस्थ क्षेत्रों में बनेंगे 9 विद्युत उपकेंद्र

# ग्रामीण क्षेत्रों में लो-वोल्टेज एवं विद्युत कटौती से राहत के लिए आपस में जोड़े जाएंगे विद्युत उपकेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ग्रामीण क्षेत्रों में कम से कम विद्युत भार होने के बावजूद भीषण गर्मी में आपूर्ति बाधित होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अभी भी कई गांवों में सिंगल ट्रांसफार्मर है। दशकों पूर्व ग्रामीण क्षेत्रों में विस्तारित लाइन लम्बी होने के कारण खराबी को सुधारने में कई दिनों का समय लग जा रहा है। विद्युत विभाग ने लम्बे अर्से से चली आ रही इन खामियों को दूर करने की योजना बनाई है।

**खास बात**

- लम्बी विद्युत लाइन की दूरी होगी कम, लगाए जाएंगे अधिक क्षमता के पावर ट्रांसफार्मर

विद्युत विभाग द्वारा सरगुजा के विभिन्न 6 तहसीलों में विद्युत आपूर्ति के लिए 27 विद्युत उपकेंद्रों की स्थापना की गई है। इनमें कई उपकेन्द्र दशकों पुराने हैं। आवश्यकता के अनुसार समय-समय पर विभाग द्वारा अन्य विद्युत उपकेंद्र भी स्थापित किए गए लेकिन अभी भी समस्या हल नहीं हुई है। समय के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी लगातार विद्युत की खपत बढ़ रही है। गांवों में नए-नए उद्योग खुल रहे हैं। ग्रामीणों में भी तेजी से विद्युत उपकरणों का चलन बढ़ रहा है तथा खेतों की सिंचाई के लिए किसान बड़ी संख्या में पंप का उपयोग कर रहे हैं। अधिकांश क्षेत्रों की विद्युत लाईन लंबी होने के कारण दूरस्थ गांवों में लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। कोई तकनीकी खामी आने पर विद्युतकर्मी फाल्ट ढूंढने के लिए भटकते रहते हैं। ऐसे में कई दिनों तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है। इस संबंध में लगातार शिकायतें मिलने के बाद विभाग ने इस बड़ी समस्वा का स्थाई निराकरण करने का निर्णय लिया है। विभाग ने लम्बी विद्युत लाइन को छोटा करने के लिए विभिन्न 9 स्थानों पर नया विद्युत उपकेंद्र स्थापित करने के साथ ही सिंगल ट्रांसफार्मर वाले उपकेंद्रों में अधिक क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर लगाने एवं सभी उपकेंद्रों को आपस में जोड़ने का निर्णय लिया है। अधिकारियों का कहना है कि उपकेंद्रों के आपस में जोड़ने पर कहीं भी तकनीकी खराबी आने पर तत्काल दूसरे उपकेंद्र से आपूर्ति सुचारू की जा सकेगी। उपकेंद्र में तकनीकी खराबी आने पर किसी भी क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित नहीं होगी। इस बदलाव से तकनीकी खामी आने के बावजूद आपूर्ति प्रभावित नहीं होगी। हालांकि इंटर लिंकिंग का लाभ वनक्षेत्र के दूरस्थ ग्रामों को नहीं मिलेगा। वन क्षेत्र होने के कारण इंटरलिकिंग के लिए विभाग को अनुमति लेनी पड़ेगी जो आसान नहीं है। योजना के तहत 11 विद्युत उपकेंद्रों को आपस में जोड़ा जाएगा।



### बनेंगे 9 नए विद्युत उपकेंद्र

विभाग द्वारा पूर्व में 9 नए विद्युत उपकेंद्रों की स्वीकृति प्रदान की गई थी जिनका निर्माण चल रहा है। इन विद्युत उपकेंद्रों में केदमा विद्युत उपकेंद्र का निर्माण पूरा हो गया है तथा अतिशीघ्र इसे प्रारंभ करने की तैयारियां चल रही हैं वहीं ग्राम ककनी, तुरिया बीरा, नवापाराकला, कुंवरपुर, केवरा, बासेन एवं नर्मदापुर में उपकेंद्र का काम चल रहा है। विभाग ने विद्युत समस्याओं के निराकरण के लिए ग्राम कंठी, नान दमाली, सुआरपारा, कालीपुर, बोदा, चेंद्रा, भुसु, चलता, सरभंजा में नया विद्युत उपकेंद्र बनाने का निर्णय लिया है। नए विद्युत उपकेंद्र बनने से लंबी विद्युत लाइन छोटी हो जाएगी जिससे विद्युत आपूर्ति की बाधा खत्म हो जाएगी। दूरस्थ क्षेत्रों में चल रही लो-वोल्टेज की समस्याव से भी राहत मिलने का दावा किया जा रहा है।

#### बढ़ाई जाएगी क्षमता

पूर्व में बने कई विद्युत उपकेंद्रों में अभी भी 3.5 केबीए क्षमता के पावर ट्रांसफार्मर लगे हैं जिसके कारण खपत बढ़ने पर आपूर्ति बाधित हो जाती है। विभाग ने ऐसे विद्युत उपकेंद्रों की क्षमता बढ़ाने एवं 5 केबीए का पावर ट्रांसफार्मर लगाने का निर्णय लिया है। कम क्षमता वाले विद्युत उपकेंद्र लटोरी, लखनपुर, खमरिया, कुन्नी, नवानगर, महेशपुर में अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर लगाने की तैयारी की जा रही है। पावर ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ने के बाद बिजली गुल होने की समस्या खत्म हो जाएगी। विभाग द्वारा ग्राम घघरी, असकला एवं ब्लॉक मुख्यालय लखनपुर में 132 केवी उपकेंद्र की भी स्थापना की जा रही है ताकि सभी उपकेंद्रों में निर्वाध गुणवत्तायुक्त विद्युत आपूर्ति हो सके।

#### तैयार किया जा रहा प्राक्कलन

ग्रामीण क्षेत्रों में 9 नए उपकेंद्रों का प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है। कही भी विद्युत आपूर्ति बाधित न हो इसके लिए उपकेंद्रों में अधिक क्षमता के पावर ट्रांसफार्मर एवं उपकेंद्रों को आपस में जोड़ने की पहल की जा रही है।

-रोशन नागवंशी
ईई, ग्रामीण विद्युत संभाग



# 13 हाथियों का दल पहुंचा मतरिंगा जंगल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मैनपाट में पूरे साल मौजूद रहने वाले 13 सदस्यीय हाथियों का दल लम्बे समय से वन परिक्षेत्र उदयपुर में भ्रमण कर रहा है। शाम ढलते ही हाथी अलग-अलग दलों में बंटकर आबादी क्षेत्र में पहुंच जा रहे हैं तथा ग्रीष्मकालीन धान की फसल को तबाह कर रहे हैं। हाथियों के भय से भारी दहशत के बीच जीवन यापन कर रहे हैं।

- दहशत में ग्रामीण, वन अमला कर रहा ग्रामीणों को जागरूक

पिछले दो दिनों से हाथियों का दल कराई छापर एवं मतरिंगा जंगल में भ्रमण कर रहे हैं। हाल ही में मैनपाट से एक दंतैल भी मतरिंगा जंगल में दाखिल हुआ है जिससे खतरा बढ़ गया है। दंतैल पूर्व में कभी हाथियों के दल में शामिल हो जाता था तथा कभी लंबे समय तक अकेले घूमता था। दल के साथ भ्रमण करने के दौरान आबादी क्षेत्र में घुसकर घरों में तोड़फ़ोड़ मचाने लगता था। दंतैल के साथ रहने पर दल के अन्य हाथी भी तोड़फोड़ मचाते थे। लोनर दंतैल के पहुंचने के बाद वन अमला विशेष सावधानी बरत रहा है। विभाग द्वारा प्रभावित क्षेत्र के गांवों में नियमित मुनादी करा ग्रामीणों को जंगल एवं खेतों की ओर नहीं जाने एवं रात में कहीं भी आने-जाने से मना किया जा रहा है। बताया जा रहा है वर्तमान में जहां हाथी हैं पास ही में एक होटल है। वन अमले द्वारा ग्रामीणों को नियमित हाथियों की मौजूदगी भी सूचना देने के कारण अभी हाथी कोई क्षति नहीं पहुंचाए है। वन परिक्षेत्राधिकारी फेंकू चौबे ने बताया कि हाथी केदमा, सायर, मतरिंगा, मरई एवं लालपुर क्षेत्र के जंगल में भ्रमण कर रहे हैं। हाथी ग्रीष्मकालीन धान की फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। विभाग द्वारा प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को लगातार जागरूक किया जा रहा है साथ ही क्षति का आंकलन किया जा रहा है।

# प्रतापपुर में गहराया डीजल संकट, कई पेट्रोल पंप ड्राई

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

इन दिनों प्रतापपुर के कई क्षेत्रों में डीजल-पेट्रोल आपूर्ति को लेकर भारी अव्यवस्था देखने को मिल रही है।

- किसान जरकिन लेकर भटक रहें दर-दर, खेती-किसानी पर मंडराया संकट

भारत पेट्रोलियम समेत कई पेट्रोल पंपों पर डीजल और पेट्रोल की किल्लत है। कई टंकियां ड्राई बताई जा रही हैं, जिससे किसान, वाहन चालक और जरूरी सेवाओं से जुड़े लोग परेशान हैं।




स्थानीय लोगों का कहना है कि खेती-किसानी के इस महत्वपूर्ण समय में किसान डीजल के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। ट्रैक्टर, पंप और कृषि उपकरणों के संचालन के लिए डीजल की मांग बढ़ी हुई है, लेकिन अधिकांश पंपों में या तो डीजल उपलब्ध नहीं है या सीमित मात्रा में दिया जा रहा है। कुछ पेट्रोल पंप संचालकों ने बताया कि उन्होंने तेल कंपनियों को अग्रिम राशि जमा कर दी है, लेकिन ऊपर से पर्याप्त आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। उनका कहना है कि मांग की तुलना में सप्लाई बेहद कम है, जिससे स्थिति बिगड़ रही है। इधर जिला प्रशासन द्वारा 25 मई को जारी आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि सामान्य परिस्थितियों में ड्रम, बोतल और जरकिन में डीजल-पेट्रोल नहीं दिया जाएगा, लेकिन किसानों, रेलवे, सड़क निर्माण, भवन निर्माण और अत्यावश्यक सेवाओं के लिए अनुविभागीय अधिकारी की अनुशंसा पर डीजल उपलब्ध कराया जा सकता है। बावजूद इसके किसानों का आरोप है कि जब वे जरकिन लेकर पेट्रोल पंप पहुंच रहे हैं तो कई डीलर यह कहकर डीजल देने से मना कर रहे हैं कि ऊपर से कोई स्पष्ट आदेश नहीं मिला है।

इससे ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रम और नाराजगी बढ़ती जा रही है। दरअसल हाल के दिनों में देशभर में डीजल की मांग अचानक बढ़ी है। रबी फसल कटाई, खरीफ सीजन की तैयारी और बाजार में बढ़ी खपत के कारण सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों पर दबाव बढ़ा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल संकट और आपूर्ति दबाव का असर भी भारतीय बाजार पर दिखाई दे रहा है। हालांकि केंद्र और राज्य सरकार लगातार दावा कर रही हैं कि प्रदेश में पर्याप्त पेट्रोल-डीजल उपलब्ध है और लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। छत्तीसगढ़ खाद्य विभाग के अनुसार राज्य में पर्याप्त स्टॉक मौजूद है और तेल डिपो से नियमित आपूर्ति जारी है। इसके बावजूद जमीनी स्तर पर प्रतापपुर, सूरजपुर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में हालात अलग नजर आ रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि जल्द आपूर्ति व्यवस्था सामान्य नहीं हुई तो खेती-किसानी, परिवहन और आवश्यक सेवाएं गंभीर रूप से प्रभावित हो सकती हैं। इस संबंध में फूड इंस्पेक्टर शशि जायसवाल ने बताया कि मामले को लेकर वे अपने उच्च अधिकारियों से चर्चा कर स्थिति स्पष्ट करेंगे। फिलहाल प्रशासनिक स्तर पर आपूर्ति व्यवस्था और निर्देशों को लेकर समन्वय बनाने की कोशिश जारी है।

# रेस्ट ऑफ सरगुजा रेड एवं रेस्ट ऑफ सरगुजा ब्लू ने जीते मैच, आयुष एवं अयांश बने मैन ऑफ द मैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर




स्व.एमएस सिंहदेव फाउंडेशन द्वारा गांधी स्टेडियम में रात्रिकालीन पिंक बॉल टी-20 टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। मंगलवार को प्रतियोगिता में दो मैच खेले गए। पहला मैच रेस्ट ऑफ सरगुजा रेड और अजबनगर के मध्य खेला गया।

रेस्ट ऑफ सरगुजा रेड की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 111 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जिसके जवाब में अजबनगर की शुरूआत अच्छी रही परंतु कुछ समय उपरांत ही सरगुजा रेड की टीम ने अच्छी गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण दिखाते हुए मैच को रोमांचक बना दिया। लगातार विकेट गिरने के कारण अजबनगर की टीम मुश्किल में आ गई। इस तरह रेस्ट ऑफ सरगुजा रेड की टीम ने रोमांचक मैच को दो रन से जीत लिया। मैच के मैन ऑफ द मैच आयुष बंसल को दिया गया जिन्होंने अपनी टीम के लिए 13 रन देकर 3 विकेट लिए। दूसरा मैच सरगुजा टाइगर और रेस्ट ऑफ सरगुजा ब्लू के मध्य खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सरगुजा टाइगर की टीम ने खराब खेल का प्रदर्शन किया और रेस्ट ऑफ सरगुजा ब्लू के बॉलर अयांश द्वविवेदी के हेट्रिक विकेट लिया साथ ही तीन ओवर में सात रन देकर पांच विकेट लिए जिसके कारण सरगुजा टाइगर की टीम मात्र 35 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इसके जवाब में रेस्ट ऑफ सरगुजा के ओपनर बल्लेबाजी रूद्र अभिषेक सिंह के शानदार प्रदर्शन के कारण रेस्ट ऑफ सरगुजा ब्लू की टीम ने चौथे ओवर में ही 37 रन बनाकर मैच जीत लिया। अयांश द्विवेदी को उनके शानदार प्रदर्शन पर 51 सौ रूपए और 500 के अलावा मैच बॉल देकर मैन ऑफ द मैच से सम्मानित किया गया। आज के मैच के मुख्य अतिथि पूर्व क्रिकेटर संतोष सिंह और कांग्रेस स्पोर्ट सेल के अध्यक्ष रजनीश सिंह तथा मैच के निर्णायक विक्रांत बादी आयुष सिंह ऋतुराज सिंह थे।

# जिले में अवैध खनिज परिवहन एवं भंडारण पर कार्रवाई

**अम्बिकापुर।** कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर जिले में खनिज विभाग द्वारा अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। खनिज अधिकारी अनिल कुमार साहू से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते तीन दिनों के भीतर सीतापुर एवं लखनपुर तहसील क्षेत्रों में बड़ी कार्रवाई करते हुए कई अवैध भंडारण स्थलों और वाहनों पर कार्यवाही की गई। सीतापुर तहसील अंतर्गत ग्राम प्रतापगढ़, खड़ादोरना, भवराडाड एवं आमाटोली क्षेत्र में जांच के दौरान गौण खनिज रेत के अवैध भंडारण के छह मामलों में नियमानुसार कार्रवाई की गई। संबंधित भंडारणकर्ताओं को मौके पर नोटिस जारी किया गया। वहीं ग्राम आमादरहा क्षेत्र में एक अवैध ईंट मिट्टी एवं कोयला भंडारण पाए जाने पर भी भण्डारणकर्ता को नोटिस जारी किया गया। विभाग द्वारा अवैध रेत परिवहन करते पाए गए तीन ट्रैक्टर वाहनों को जब्त कर थाना सीतापुर की अभिरक्षा में सौंप दिया है। इसी कड़ी में 24 मई को लखनपुर तहसील के ग्राम भौराडांड में जांच के दौरान अवैध रेत परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टर एवं दो टीपर वाहन पकड़े गए। साथ ही अवैध ईंट मिट्टी परिवहन में लगे एक ट्रैक्टर वाहन को भी जप्त कर थाना लखनपुर की अभिरक्षा में सौंपा गया। उन्होंने बताया कि सभी प्रकरणों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21(4) एवं एमएमडीआर की धारा 21(5) एवं 23 तथा छ.ग. खनिज (खनन, परिवहन तथा भंडारण) नियम 2009 के तहत कार्यवाही प्रस्तावित की गई है। इस प्रकार अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध विभाग की कार्यवाही आगे भी लगातार जारी रहेगी।

- भंडारणकर्ताओं को नोटिस जारी, वाहन किए गए जप्त



### रंजिश को लेकर युवक के साथ मारपीट, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** विवाह कार्यक्रम में शामिल होने गए युवक को पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही युवकों ने जमकर पिटाई कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।जानकारी के अनुसार लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम घंघरी निवासी तुलेश्वर नागेश आ. नईहर साय (24 वर्ष) 22 मई को ग्राम गुजरवार निवासी पंडा नागेश के घर विवाह में गया था। इसी बीच कुछ लोग डांस कर रहे थे और वहीं लड़ाई कर रहे थे। तभी गांव के ही ईश्वर नागेश, नरेन्द्र नागेश, मनीष नागेश एवं डुमरडीह का ठिर्रा नागेश रात करीब 10.30आए और पुरानी रंजिश के बात को लेकर तुलेश्वर से गाली-गलौज करने लगे। जब तुलेश्वर ने मना किया तो सभी ने मिटर उसकी जमकर पिटाई कर दी। घटना का देख आसपास मौजूद लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़ित युवक ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### मारपीट के दो अलग-अलग मामलों में 6 फरार आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़ । चक्रधरनगर पुलिस ने मारपीट के दो अलग-अलग मामलों में 6 फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। जिसमें मैरिज गार्डन के पास युवक से मारपीट मामले में फरार आरोपी तरणजीत भाठिया और बबलू महंत भी शामिल हैं। चक्रधरनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पिछले वर्ष 24-25 मई की रात विजयम उत्सव मैरिज गार्डन के पास युवक के साथ मारपीट की घटना हुई थी। जिसके संबंध में पीड़ित युवक ने चक्रधरनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस दौरान युवक ने बताया था कि 24 मई को वह अपनी दीदी के घर ग्राम लामीदरहा गया था। जहां से रात्रि लगभग 1:30 बजे लौटते समय विजयम उत्सव मैरिज गार्डन के पास कुछ लड़कों ने मोटरसाइकिल एवं स्कूटी से उसका रास्ता रोक लिया। आरोपियों में तरणजीत सिंह पिता रविन्द्र सिंह भाठिया, बबलू दास महंत पिता स्व० शंभू दास महंत, मनीष बिहारी, अंकुल ठाकुर एवं अन्य साथी शामिल थे। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए हथियारों से उसके साथ मारपीट की। ऐसे में वह किसी तरह जान बचाकर मौके से भागा और अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी।

# म्युल अकाउंट उपलब्ध कराने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में म्युल अकाउंट के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला जारी है। एक बार फिर से पुलिस ने देश के विभिन्न राज्यों में की गई ठगी के मामले में संचालित म्युल अकाउंट के संचालक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने दस हजार रूपए कमीशन लेकर ठगों को अपना खाता उपलब्ध कराया था।

बता दें कि सरगुजा पुलिस को म्यूल अकाउण्ट आईडीबीआई बैंक खाता क्रमांक 0700104000343329 प्राप्त हुआ था जिसकी जांच करने पर उक्त खाता शहर के प्राइमरी स्कूल गुजरवार निवासी लक्ष्मण नागेश आ. भगलू राम के नाम पर पाया गया। इस खाता नम्बर से गुजरात, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना व तमिलनाडू से साइबर पुलिस पोर्टल में ऑनलाईन शिकायत दर्ज है। म्युल खाते में 5 लाख 73 हजार 999 प्राप्त हुआ था। इसके साथ ही 21 सितम्बर 2024 से 14 अक्टूबर 2024 के मध्य 33 लाख 15 हजार 10 रूपए भी जमा होकर लगातार अन्य खातों में ट्रांसफर हुए हैं। ऐसे में पुलिस के खाता धारक लक्ष्मण नागेश को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने ऑनलाइन गेम में रकम लेनदेन करने हेतु खाता खुलवाकर देने और लाभ में हिस्सेदारी मिलने पर अपने नाम से खाता खुलवाकर पासबुक, एटीएम व सिम एक व्यक्ति को दिया जिसके एवज में उसे दस हजार रूपए नगद भी मिला था। पुलिस ने इस मामले में आरोपी को बीएनएस की धारा 317(4), 318(4), 3(5) के तहत गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त मोबाईल व सिम जब्त किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रवीण कुमार द्विवेदी, उनि दिलीप दुबे, आरक्षक अरविंद उपाध्याय, रिषभ सिंह, अमृत सिंह सक्रिय रहे।





# नपं क्षेत्र में नाली की उंचाई कम करने बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

नगर पंचायत राजपुर में मुख्य मार्ग और आवासीय क्षेत्रों में बनाई जा रही नाली की अत्यधिक उंचाई से परेशान स्थानीय नागरिकों को आखिरकार बड़ी राहत मिल गई है। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज ने तत्काल संज्ञान लिया और संबंधित विभाग व अधिकारियों को नाली की ऊंचाई कम कराने के निर्देश दिए।

- सांसद की मौजूदगी में हुई बैठक

विदित हो कि राजपुर में निर्माणाधीन नाली की ऊंचाई अधिक होने के कारण स्थानीय दुकानदारों, राहगीरों और मकान मालिकों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। स्थानीय लोगों ने इस समस्या से सांसद को अवगत कराया था। जनता की तकलीफ को देखते हुए सांसद ने विभागीय अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नाली की उंचाई को व्यवस्थित और सुगम बनाने के निर्देश दिए, जिससे लोगों को बड़ी राहत मिली है। सांसद की इस सकारात्मक पहल से उत्साहित होकर राजपुर के नागरिकों ने स्थानीय रेस्ट हाउस में मुलाकात की। मुलाकात के पश्चात सांसद और उपस्थित नागरिकों ने एक साथ समूह में चर्चा की। नाली की उंचाई कम होने से अब मुख्य मार्ग का स्वरूप व्यवस्थित होगा और लोगों को अपने घरों व दुकानों में आने-जाने में कोई असुविधा नहीं होगी।

### दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 20 साल कारावास

रायगढ़। नाबालिग से शादी का झांसा देकर उसे बहला फुसला कर ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में न्यायालय ने 24 वर्षीय आरोपी युवक को 20 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इस प्रकरण के संबंध में लोक अभियोजक गोविंद नारायण दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि नाबालिग की मां ने 25 अगस्त 2025 को पुसौर थाने पहुंच कर अपनी नाबालिग बेटी के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता की मां ने बताया कि वे दोनों पति पत्नी रोजी मजदूरी करने के लिए गए थे, इसी बीच पीड़िता अपनी भाभी के साथ घर पर ही थी। किंतु पीड़िता अपनी भाभी से दुकान जाने की बात कहते हुए घर से निकली और वापस नहीं लौटी।

27-may- Jash-Coriya-Rag-Janj-Bhoomi pg-3_Layout 1 27-05-2026 19:40 Page 1





# पाकिस्तानी क्रिकेटर का किरदार निभाएंगे फरहान

**मुंबई।** फरहान अख्तर इन दिनों रणवीर सिंह के साथ 'डॉन 3' विवाद को लेकर चर्चाओं में हैं। इसी बीच उनके काम से जुड़ी भी एक खबर आ रही है। फरहान जल्द ही क्रिकेटर लाला अमरनाथ पर बन रही फिल्म में कैमियो रोल कर सकते हैं। वह फिल्म में एक पाकिस्तानी क्रिकेटर की भूमिका में दिखाई दे सकते हैं। इसमें उनका किरदार लाला अमरनाथ के बेहद नजदीक है और भावनात्मक रूप से जुड़ा हुआ है। हालांकि, अभी मेकर्स ने और फरहान ने इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया। बता दें वह इस प्रोजेक्ट से निर्माता के तौर पर भी जुड़े हुए हैं। क्रिकेटर लाला अमरनाथ पर बन रही इस बायोपिक को कई निर्माता मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं।

लाइफ Style

# पूजा
## इकोज ऑफ अस को लेकर हैं सुर्खियों में

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पूजा बत्रा की बतौर निर्माता फिल्म 'इकोज ऑफ अस' को कान्स फिल्म फेस्टिवल 2026 में प्रदर्शित किया गया, जिसे लेकर अभिनेत्री ने खुशी जाहिर की। पूजा ने सोशल मीडिया पर रेड कार्पेट से अपनी ग्लैमरस तस्वीरें साझा करते हुए इस उपलब्धि को यादगार बताया।

एक्ट्रेस पूजा बत्रा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म इकोज ऑफ अस को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म इकोज ऑफ अस एक इमोशनल ड्रामा है, जो प्रेम, बिछड़ने के दर्द और मानवीय रिश्तों की जटिल भावनाओं को दर्शाती है। इस फिल्म में यूलिया वंतूर ने अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत की है। उनके साथ दीपक तिजोरी और स्पेनिश अभिनेत्री एलेसांद्रा व्हेलन मेरेडिज भी अहम भूमिकाओं में नजर आए हैं। फिल्म का निर्देशन जो राजन ने किया है, जबकि इसे पूजा बत्रा ने अपने लॉस एंजिल्स स्थित प्रोडक्शन हाउस 'ग्लोबेलिंक' के तहत एलायंस मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से प्रोड्यूस किया है। महज 20 मिनट लंबी इस शॉर्ट फिल्म ने दुनियाभर के कई फिल्म समारोहों में जबरदस्त सराहना हासिल की है। पूजा बत्रा ने इंस्टाग्राम पर कान्स फिल्म फेस्टिवल से अपनी कई ग्लैमरस तस्वीरें पोस्ट कीं। इन तस्वीरों में वह रेड कार्पेट पर बेहद खूबसूरत अंदाज में नजर आईं। पोस्ट के साथ अभिनेत्री ने फिल्म और अपनी टीम के लिए एक भावुक नोट भी लिखा। उन्होंने मजाकिया अंदाज में लिखा, कान्स यानी के-ए-एन, क्योंकि हम कर सकते हैं। फिल्म अब तक 80 से अधिक अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुकी है।



हॉलीवुड मसाला



# जीता आर्टिस्ट ऑफ द ईयर अवॉर्ड

**लॉस एंजिल्स।** के-पॉप बैंड बीटीएस के फैंस दुनियाभर में हैं। इस बार अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड्स 2026 में इस बैंड ने लगभग तीन अवॉर्ड अपने नाम किए। पहला पुरस्कार उन्होंने 'आर्टिस्ट ऑफ द ईयर' का जीता। इसके बाद बैंड ने 'स्विम' के लिए सॉन्ग ऑफ द समर और बेस्ट मेल के-पॉप आर्टिस्ट का खिताब भी अपने नाम किए। इसके पहले बीटीएस ने 2021 में यह पुरस्कार अपने नाम किया था। अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड्स में सिंगर सबरीना कारपेंटर के एल्बम 'मैन्स बेस्ट फ्रेंड' को एल्बम ऑफ द ईयर और बेस्ट पॉप एल्बम का अवॉर्ड दिया गया।



# ब्रैड तलाक के बाद के हालात के कारण नहीं कर रहे शादी!

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड सुपरस्टार ब्रैड पिट एक बार फिर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। सोशल मीडिया पर यह खबर जंगल में आग की तरह फैल रही है कि एंजेलिना जोली से तलाक के बाद वह दोबारा शादी करने वाले हैं। ब्रैड पिट इन दिनों खुद से 29 साल छोटी इनेस डी रेमोन को डेट कर रहे हैं। दोनों करीब 4 साल से एक-दूसरे के साथ हैं। हालांकि, शादी की खबरों को एक हालिया रिपोर्ट ने फर्जी बताया है। रिपोर्ट में एक करीबी सूत्र ने कहा है, 'ब्रैड और इनेस की जोड़ी आपस में 'बहुत खुश' है। ऑस्कर जीत चुके एक्टर 'अपनी शांत स्वभाव वाली गर्लफ्रेंड से मिलने वाले सुकून और सहारे का आनंद ले रहे हैं। हालांकि, उनका शादी को लेकर अभी कोई प्लान नहीं है। इसकी एक वजह एंजेलिना जोली से उनके अलगाव के बाद के हालात हैं। वैसे, ब्रैड पिट की तरह ही इनेस भी तलाकशुदा हैं। ब्रैड पिट की उम्र 62 साल है।



# शकीरा के डांस की दीवानी हुईं अमीषा

**मुंबई।** अभिनेत्री अमीषा पटेल इन दिनों सोशल मीडिया पर दो बातों को लेकर काफी चर्चा में हैं। पहली वजह है पॉप स्टार शकीरा की तारीफ करना और दूसरी वजह है बॉलीवुड के नए कलाकारों पर गुस्सा निकालना। मशहूर सिंगर शकीरा ने फीफा विश्व कप 2026 के ऑफिशियल गाने 'दाई दाई' से धमाकेदार वापसी की है। इस गाने में उनके साथ नाइजीरियाई सिंगर बर्ना बॉय भी हैं। गाने के एक वीडियो में शकीरा पीले रंग के कपड़ों में शानदार डांस करती नजर आ रही हैं, जो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। इस वीडियो को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर करते हुए अमीषा पटेल ने लिखा, 'वाह शकीरा, आप 49 साल की उम्र में भी कमाल हैं। आपका डांस, ड्रेस और लुक 25 साल की उम्र से भी ज्यादा हॉट और खूबसूरत है।'



# है जवानी तो इश्क होना है... का गाना रिलीज

**मुंबई।** 'है जवानी तो इश्क होना है' के मेकर्स ने मंगलवार को वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े पर फिल्माया गया गाना 'चुनरी चुनरी' रिलीज किया। जहां डांस स्टेप्स, नएपन और गाने की वाइब ने लोगों का ध्यान खींचा, वहीं कुछ लोगों को पुराने वर्जन और सलमान खान-सुष्मिता सेन की याद आ गई। यह गाना सलमान खान और सुष्मिता सेन पर फिल्माए गए 'चुनरी' गाने का रीमेक है। ऐसा लगता है कि नेटिजन्स को यह गाना ज़्यादा पसंद नहीं आया। एक ने लिखा- सलमान और सुष्मिता की एनर्जी का कोई मुकाबला नहीं। एक यूजर ने कहा- सलमान कोने में रो रहे होंगे। एक कमेंट में लिखा था- इससे घटिया क्या ही होगा। हाल ही में एक इवेंट में, मस्ती भरे माहौल में कैमरों के सामने पोज देते हुए, सलमान खान ने वरुण धवन का मजाक उड़ाया था।

टीवी मसाला



# रमाकांत की मौजूदगी हर सीन को कर देती थी रोशन

**नई दिल्ली।** टीवी और बॉलीवुड फिल्मों में नजर आने वाले दिग्गज अभिनेता रमाकांत दायमा का 26 मई को निधन हो गया। इस खबर को सुनकर उनके करीबी और फैंस गहरे शोक में डूब गए हैं। टीवी अभिनेता करण मेहरा ने भी रमाकांत दायमा के निधन पर शोक जताया है। उनके लिए एक भावुक पोस्ट सोशल मीडिया पर लिखी है। टीवी अभिनेता करण मेहरा ने एक भावुक पोस्ट इंस्टाग्राम पर साझा करते हुए लिखा, 'आज हमने एक अद्भुत शख्सियत को खो दिया है। एक ऐसा इंसान जिनकी आवाज बुलंद थी, उनकी मौजूदगी हर सीन को रोशन कर देती थी। वह सिर्फ एक बेहतरीन अभिनेता और प्रतिभाशाली गायक ही नहीं थे, बल्कि एक मार्गदर्शक, एक पिता-तुल्य हस्ती और न जाने कितने लोगों के दोस्त भी थे। उनकी दयालुता, उनकी कला और उनकी गर्मजोशी हम सभी के दिलों में हमेशा जिंदा रहेगी। उनका प्यार और उनका जुनून हमेशा हमारे दिलों में गूंजता रहेगा। ईश्वर आपकी आत्मा को शांति दे।' अभिनेता रमाकांत दायमा के निधन पर सिने एंड टीवी आर्टिस्ट्स एसोसिएशन ने भी शोक व्यक्त किया। सोशल मीडिया पर एक शोक संदेश साझा करते हुए एसोसिएशन ने लिखा, 'गहरे दुख के साथ हम श्री रमाकांत दायमा के निधन पर शोक व्यक्त करते हैं, वे एक सम्मानित पूर्व कार्यकारी समिति सदस्य और हमारी इंडस्ट्री का एक खास हिस्सा थे।' वर्षों के अभिनय करियर में रमाकांत दायमा ने कई फिल्मों, टेलीविजन सीरियल और थिएटर प्ले में काम किया। शाहरुख खान अभिनीत चक दे इंडिया के अलावा वह धनक जैसी फिल्मों में नजर आए। रमाकांत दायमा के मौत की पुष्टि उनकी साथी एक्ट्रेस शुभांगी लटकर ने सोशल मीडिया पर की है।


## मेरे कारण-अर्जुन आ गए : दिव्यांका

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल ये है मोहब्बतें में ईशी मां का रोल से प्रसिद्ध हुईं दिव्यांका त्रिपाठी शादी के 10 साल बाद मां बन गई हैं। उनकी खुशी डबल हो गई है, क्योंकि उन्होंने जुड़वा बच्चों को जन्म दिया है। दिव्यांका और उनके पति विवेक ने इस खुशखबरी को सोशल मीडिया पर अपने फैंस के साथ शेयर किया है। दिव्यांका जुड़वां बच्चों की मां बन गई हैं। 26 मई को दिव्यांका और विवेक ने इंस्टाग्राम पर दो जुड़वां बेटों की तस्वीर वाला पोस्टर शेयर करके खुशखबरी दी। पोस्टर पर लिखा, 'हमने खुशी मांगी थी, भगवान ने कहा, 'दोगुनी खुशी लो।'जुड़वा बेटों का आशीर्वाद मिला है।' दिव्यांका और विवेक ने आगे लिखा, 'इंतजार आखिरकार खत्म हुआ, हमारे बेटे आ गए हैं और जिंदगी हमारी कल्पना से कहीं ज्यादा खूबसूरत लग रही है। मेरे करण अर्जुन आ गए।'



# पिता की पुण्यतिथि पर भावुक हुए संजय, साझा कीं पुरानी तस्वीरें

मुंबई। अभिनेता संजय दत्त अपने जीवन के उतार-चढ़ाव के बाद अपने परिवार के बेहद करीब रहे हैं। हाल ही में अपने दिवंगत पिता और दिग्गज अभिनेता सुनील दत्त की 21वीं पुण्यतिथि पर संजय ने उनसे जुड़ी यादें ताजा कीं। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने परिवार की कुछ पुरानी तस्वीरें साझा करते हुए पिता को याद किया। संजय दत्त अपने पिता के काफी करीब रहे हैं। एक्टर के हर बुरे वक्त में सुनील दत्त उनके साथ मजबूती से खड़े रहे थे। पिता की पुण्यतिथि के मौके पर संजय ने कुछ पुरानी पारिवारिक तस्वीरें साझा कीं। इसमें से एक में जहां वो बचपन में अपने पिता की गोद में बैठे नजर आए। वहीं, एक अन्य तस्वीर में वो बहनों प्रिया-नम्रता दत्त और पिता के साथ खड़े हैं। ये ब्लैक एंड वाइट फोटोज संजय के जवानी के दिनों की याद दिलाती हैं। संजय दत्त ने इन तस्वीरों के साथ एक भावुक कैप्शन लिखा। एक्टर ने लिखा, 'पापा, मैं आपको हमेशा याद करता रहूंगा और आपसे बहुत प्यार करता हूं। आप मेरे जीवन में हमेशा



से एक मजबूत स्तंभ रहे हैं। आपके जैसा पिता पाकर मैं खुद को खुशनसीब महसूस करता हूं।' बता दें, अभिनेता सुनील दत्त का निधन 25 मई 2005 में 75 वर्ष की उम्र में हुआ था। उन्हें नींद में ही दिल का दौरा पड़ा था। उनकी पत्नी यानी संजय की मां नरगिस कई साल पहले ही दुनिया को अलविदा कह चुकी थीं। सुनील दत्त का हिंदी सिनेमा में एक अलग मुकाम रहा है। उन्होंने बॉलीवुड को 'एक ही रास्ता' और 'मदर इंडिया' जैसी सफल फिल्में दी हैं। इसके अलावा 'सुजाता', 'गुमराह', 'हमराज', 'पड़ोसन' और 'हीरा' जैसी फिल्मों में उनकी एक्टिंग के लिए आज भी दर्शक उन्हें याद करते हैं। एक सफल करियर के बाद सुनील आखिरी बार बेटे संजय दत्त के साथ ही पर्दे पर दिखाई दिए थे। उन्होंने 2003 में रिलीज हुई संजय दत्त की फिल्म 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' में उनके पिता का किरदार निभाया था।

# कांतारा विवाद के बाद रणवीर ने किए चामुंडेश्वरी देवी मंदिर के दर्शन

**मुंबई।** धुरंधर स्टार रणवीर सिंह मंगलवार को मैसूर के चामुंडेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंचे। उन्होंने यह कदम धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप लगने के बाद उठाया है। रणवीर सिंह ने यह कदम कांतारा फिल्म में दैव की विवादास्पद मिमिक्री के संबंध में कर्नाटक हाईकोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए उठाया। रणवीर सिंह ने मंदिर का दौरा 'कांतारा' मिमिक्री मामले में कर्नाटक हाईकोर्ट के एक निर्देश के बाद किया है। अप्रैल में रणवीर सिंह ने इस मामले में अदालत में एक हलफनामा जमा किया था और बिना शर्त माफी मांगी थी। इसके बाद अदालत ने उन्हें चार हफ्तों के भीतर चामुंडेश्वरी मंदिर में पूजा करने का आदेश दिया। रणवीर सिंह ने अदालत के आदेश का पालन किया और देवी चामुंडेश्वरी की पूजा की। उनके इस दौरे को काफी हद तक गुप्त रखा गया था। एक्टर को मंगलवार सुबह मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया। उन्होंने मंदिर के गर्भगृह तक पहुंचने तक मास्क पहना हुआ था। बाद में, वे पूजा करने के लिए गर्भगृह में प्रवेश कर गए। यह मामला 30 नवंबर, 2025 को गोवा में आयोजित इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया की एक घटना से जुड़ा है। इस समारोह के दौरान, रणवीर सिंह ने 'कांतारा' के उस 'दैव' दृश्य की नकल की थी, जिसमें फिल्म के निर्देशक और अभिनेता



ऋषभ शेट्टी नजर आए थे। रणवीर सिंह का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद कन्नड़ भाषी समुदाय के एक वर्ग की ओर से उन्हें कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा। बाद में, रणवीर सिंह ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए इस आलोचना का जवाब दिया और अपनी इस हरकत के लिए माफी मांगी। उन्होंने लिखा, 'मेरा मकसद फिल्म में ऋषभ के अभिनय को उजागर करना था।

## 95 साल पहले ऐसे हुई पहले गाने की शूटिंग

# ट्रेन के रुकने का इंतजार, रात को शूटिंग, पेड़ों के पीछे दिया संगीत

*नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा में जितना प्यार फिल्मों को मिला है, उतना ही प्यार उन फिल्मों के संगीत से भी किया गया है। अब तो मानो हर फिल्म की रूह उसके संगीत को ही माना जाता है। फिल्मों में अगर संगीत ना हो तो मानो वह फिल्में अधूरी सी लगती हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि भारतीय सिनेमा का पहला गाना कौन सा था? इस गाने की कहानी क्या थी?*



### कैमरे के सामने गाया था लाइव गाना

कुछ आर्काइव रिपोर्ट्स के मुताबिक, उस दौर में बड़े वाद्य यंत्र या फिर कोई खास उपकरण नहीं होते थे। ऐसे में डब्ल्यू. एम. खान ने कैमरे के सामने इस गाने को लाइव गाया था और उनके साथ बजने वाले वाद्य यंत्रों को भी उसी वक्त लाइव बजाया गया था। गाने की रिकॉर्डिंग के दौरान हारमोनियम और एक तबला बजाया गया था। कहा जाता है कि, संगीतकार फिरोजशाह मिस्त्री हारमोनियम और तबला लेकर कैमरे के पीछे, स्टूडियो के एक कोने में छिपकर बैठ गए थे, ताकि वह फ्रेम में न आएं, और उनकी आवाज सीधे माइक्रोफोन में रिकॉर्ड हो सके।

### साल 1931 में आया था पहला गाना

अक्सर लोगों के मन में सवाल आता है कि जिन गानों पर असल में हम झूमते हैं और डांस करते हैं आखिर उन्हीं गानों की सिनेमा में कहानी क्या है? फिल्मों का पहला गाना क्या था, तो इसका जवाब है कि सिनेमा का पहला गाना साल 1931 में आया था। जी हां, भारतीय सिनेमा का पहला गाना है, 'दे दे खुदा के नाम पर प्यारे, ताकत हो गर देने की...'। यह गाना साल 1931 में रिलीज हुई भारत की पहली बोलती फिल्म 'आलम आरा' का है। इसी गाने को सिनेमा का पहला गाना कहा जाता है।

### सिंगर नहीं, एक्टर ने गाया था गाना

इस गाने को किसी पेशेवर सिंगर ने अपनी आवाज नहीं दी थी। उस दौर में 'प्लेबैक सिंगिंग' की तकनीक तब उतनी प्रचलित नहीं थी। इस गाने को फिल्म आलम आरा के ही एक अभिनेता डब्ल्यू. एम. खान (वजीर मोहम्मद खान ने गाया था। फिल्म में उन्होंने एक फकीर का किरदार निभाया था और यह गाना उसी फकीर पर फिल्माया गया था, जिसमें उन्होंने ही इसे आवाज दी और उन्होंने ही इस पर एक्ट भी किया था।

### कोई रिकॉर्ड अब नहीं बचा

इन बीते वर्षों में भारत की पहली बोलती फिल्म का कोई रिकॉर्ड अब नहीं बचा है। आलम आरा फिल्म के प्रिंट्स और इसके गानों के ओरिजिनल साउंड ट्रैक अब खो चुके हैं। महज कुछ ही तस्वीरें और रिकॉर्ड्स बाकी हैं, जिन्हें संजोकर रखा गया है।

### ज्योति स्टूडियो में की गई थी शूटिंग

जब ये गाना रिकॉर्ड हुआ तो उस दौरान काफी कुछ नया हुआ था। दरअसल 'आलम आरा' फिल्म और इसके गानों की शूटिंग मुंबई के 'ज्योति स्टूडियो' में की गई थी। परेशानी की बात तो यह थी कि ये स्टूडियो रेलवे ट्रैक के पास ही मौजूद था, ऐसे में दिनभर यहां पर ट्रेनों की आवाजाही रहती थी। जब गाने की शूटिंग होती थी तो उस वक्त ट्रेनों का शोर नहीं होता था। उस दौर में सिंगल साउंड सिस्टम से ही रिकॉर्डिंग की जाती थी। ऐसे में हल्का सा भी शोर इसके लिए परेशानी बन जाता, तो जब ट्रेनें रुक जाती थीं तभी गाने की रिकॉर्डिंग की जाती थी। इसलिए गाने और फिल्म की शूटिंग रात के 1 बजे से सुबह 4 बजे के बीच की जाती थी।

